## खबर संक्षेप

### नगर पालिक निगम का सामान्य सम्मिलन आज

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का सामान्य सम्मिलन निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में मंगलवार 11 नवंबर को अपरान्ह 2 बजे से नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। निगम सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पूर्व सम्मिलन में लिये गए निर्णय अनुसार निगम में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता का लाभ प्रदान किये जाने, मध्यप्रदेश नगरपालिका तरणतालों का विनियमन आदर्श उपविधियां 2011 को अंगीकार किये जाने, जैव विविधता प्रबंधन समिति के गठन एवं वाणिज्यिक केन्द्र के संबंध प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बैठक मे एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन मे प्रस्ताव के अनुमोदन के साथ ही आत्मनिर्भर भारत संकल्प पारित किये जाने व जीएसटी 2.0 रिफार्म के समर्थन एवं धन्यवाद प्रस्ताव पारित किये जानें के साथ ही पार्षदों द्वारा नियम 17 के अंतर्गत पूछे गए प्रश्नों, महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार की जानकारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए 9 जनवरी आवेदन

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह संशोधित योजना 2022 के तहत नगर निगम कटनी द्वारा आगामी 23 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन नगर निगम परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की योग्य कन्याओं का विवाह शासन की योजना अनुसार संपन्न कराया जाएगा। योजना प्रभारी, नगर निगम कटनी ने बताया कि योजना का लाभ उन्हीं हितग्राहियों को मिलेगा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं तथा जिनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य रूप से दर्ज है। उन्होंने बताया कि इच्छुक हितग्राही 9 जनवरी 2026 तक नगर निगम की योजना शाखा से निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जमा कर सकते हैं। योजना के तहत आवेदन करते समय मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाणपत्र, वर-वधु की आयु प्रमाणित करने वाले दस्तावेज (वधु की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा वर की 21 वर्ष से अधिक), दोनों की समग्र आईडी, Ekyc से जुड़ा आधार नंबर, वधु का राष्ट्रीयकृत बैंक खाता, वर-वधु की फोटो, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, और निगम क्षेत्र का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नगर निगम ने पात्र परिवारों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त करें।

### वंदे मातरम राष्ट्रगीत की मनाई 150 वी वर्षगांठ



**स्लीमनाबाद।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद द्वारा सोमवार को जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षाओ का आयोजन किया गया जिसके उपरांत कक्षा में सामूहिक वंदे मातरम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् गीत का उद्बोधन किया गया!साथ ही वंदे मातरम गीत का अर्थ में माँ को नमन करता हूँ यह भारत की मातृभूमि के प्रति सम्मान और श्रद्धा को व्यक्त करने वाला गीत श्री बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा लिखित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत था। सभी उपस्थित जनो एवं छात्रो द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया जिसमे उपस्थित सभी नवांकुर संस्थाओ के प्रतिनिधि, मेंटर्स अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, विनोद सिंह, आशीष तिवारी सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओ की उपस्थिति रही।

### सड़क पर दुकानदार फैला रहे सामग्री, फुटपाथी दुकानदारों से अस्थायी अतिक्रमण

# सुगम यातायात के लिए कागजों में ही प्लान आवागमन की कछुआ चाल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सुगम यातायात के लिए प्लान तो बनाएं जाते हैं लेकिन उन पर अमल करने में सालों का समय बीत जाता है। लिहाजा शहरी क्षेत्र में दशकों से यातायात व्यवस्था अराजक चली आ रही है। शहर के मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों दिन भर जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। फुटपाथ के अस्थायी अतिक्रमण हटाने में भी संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 8 से 10 फीट की ही रह जाती है। शहर के अधिकांश मार्ग दुर्दशा के शिकार है। मार्गों में दिन भर जाम लग रहा है। ई रिक्शा से लेकर चार पहिया वाहन दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था खराब कर दिया है।

शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। प्लान कागज में ही सिमटकर रह जाते हैं। नतीजा हर मार्ग में जाम लग रहा है।

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।

#### रूट सिस्टम बनाया, अमल नहीं

शहर में वाहनों के दवाब को कम करने के लिए ई रिक्शा के लिए रूट सिस्टम का प्लान बनाया लेकिन साल दर साल बीत रहे है लेकिन अमल नहीं हो रहा है। ई रिक्शा के लिए जो रूट सिस्टम बनाया गया था उसके अनुसार रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

**रूट क्रमांक-2** पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे। **रूट क्रमांक-3** पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

**रूट क्रमांक-4** पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे। रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे। **रूट क्रमांक-6** पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे।



## स्वास्थ्य परीक्षण कर किया दवा का नि:शुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गोद ग्राम पोंडी कला बी में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर 72 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाईयां प्रदान की गई।

#### स्वास्थ्य के प्रति रहे जागरूक

महाविद्यालय प्रचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार नागवंशी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के सुझाव दिए। उमरियापान बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद के निर्देशन पर लैब टेक्नीशियन अशोक इंदौरिया, नेत्र सहायक सोनेलाल चक्रवर्ती, सीएचओ दीपक रजक, एएनएम श्वेता मल्होत्रा, आशा सहयोगी, कामना उपाध्याय,आशा कार्यकर्ता राजकुमारी सेन,सुमन मिश्रा,प्रदीप पटेल की टीम मौके पर पोंडी गांव पहुँची और स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का निशुल्क उपचार किया।

इस दौरान सरपंच जगदीश झारिया,देव कुमार पटेल, डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. मनीषा व्यास, डॉ. राजाराम सिंह डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, स्मिता परसाई के साथ स्वयंसेवकों के अलावा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

*संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी प्रस्तावित*

## एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षकों को नोटिस, तीन दिन में जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्य में रूचि न लेने व पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने पर बीएलओ के पद पर नियुक्त शासकीय उमावि स्लीमनाबाद के माध्यमिक शिक्षक पंकज कुशवाहा और शासकीय प्राथमिक शाला गुदरी के प्राथमिक शिक्षक निशांत झारिया को अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। यह सूचना पत्र निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 94-बहोरीबंद द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्तावित प्रतिवेदन के बाद जारी किये गये हैं।

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्य के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 94-बहोरीबंद के मतदान केन्द्र क्रमांक 140 स्लीमनाबाद के बीएलओ सावित्री रजक, प्राथमिक शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्लीमनाबाद को इलाजरत एवं टेक्नीकल कार्य करने में अक्षम होने पर अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 94-बहोरीबंद के द्वारा पंकज कुशवाहा, माध्यमिक शिक्षक, शासकीय उमावि स्लीमनाबाद को मतदान केन्द्र 140 स्लीमनाबाद के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के बाद माध्यमिक शिक्षक श्री कुशवाहा द्वारा निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के मैपिंग के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया गया, न ही उन्होंने मतदान केन्द्र क्रमांक 140 स्लीमनाबाद का प्रभार सावित्री रजक से प्राप्त किया और न ही बीएलओ के पदीय दायित्वों का निर्वहन किया। श्री कुशवाहा से दूरभाष के माध्यम से तथा बीईओ एवं बीआरसी के माध्यम से संपर्क कर कार्य हेतु निर्देशित करने के बावजूद माध्यमिक शिक्षक द्वारा कार्य नहीं किया गया।

इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 129 गुदरी में नियुक्त प्राथमिक शाला गुदरी के शिक्षक जगदीश झारिया को स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 94-बहोरीबंद के द्वारा निशांत झारिया, प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला गुदरी को बीएलओ नियुक्त किया गया।

नियुक्ति के बाद माध्यमिक शिक्षक श्री झारिया द्वारा निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के मैपिंग के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। परंतु न ही उन्होंने मतदान केन्द्र क्रमांक 129 गुदरी का प्रभार जगदीश झारिया से प्राप्त किया और न ही बीएलओ के पदीय दायित्वों का निर्वहन किया।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने माध्यमिक शिक्षक पंकज कुशवाहा और प्राथमिक शिक्षक निशांत झारिया का यह कृत्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 324, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 ₹3₹ की श्रेणी में पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही 3 दिवस के अन्दर स्वयं समक्ष में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। जवाब समय-सीमा एवं संतोषजनक न पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## टॉपर छात्रा को ई स्कूटी एवं विद्यार्थियों को साइकिलें बांटी



संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद मे मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत साईकिल वितरण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। विधायक के द्वारा कक्षा 9 वी के 109 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। स्लीमनाबाद हायर सेकेण्डरी स्कूल की शिक्षा सत्र 2024-25 की क क्षा 12 वी की टापर छात्रा आस्था दुबे को ई-स्कूटी भी प्रदान की गईं। विधायक के द्वारा ई-स्कूटी की चाबी छात्रा आस्था दुबे को भेंट की गईं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, प्राचार्य डी के सिंह, जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय, उम्मेद सिंह,रवि दुबे, चंद्रशेखर अग्रहरी, राहुल ठाकुर, सुनील गुप्ता, रानी दुबे, गुड्डन सिंह, अनिल दुबे, पार्थ दुबे, सविनय तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों, स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## ऋषभ का राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के छात्र ऋषभ साहू ने संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता मै दमखम दिखाते हुये राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। छात्र ऋषभ साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये क्षेत्र व महाविद्यालय का मान बढ़ाया है।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ओर प्रबंधन ने छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुये आगे भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल करने की शुभकामनायें दी है। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने बताया कि महाविद्यालय के तीन छात्र ऋषभ साहू, लक्ष्मण मिश्रा व मोहित चौधरी ने जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में बाजी मारते हुये, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुये थे जिन्होंने कटनी जिले का प्रतिनिधित्व संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में किया। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सोमवार को सेंट एलोसिस महाविद्यालय जबलपुर मे आयोजित हुई जिसमें ऋषभ साहू ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुये प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी होने का गौरव प्राप्त किया। ऋषभ साहू अब सागर मे आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता मै अपने योग का प्रदर्शन करेंगे।

## धान उपार्जन के दौरान तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्रुप गठित

**कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिये जिला स्तर पर धान उपार्जन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप का गठन किया है। गठित टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल, खाद्य विभाग के ऑपरेटर सूर्य प्रताप बागड़े व शुभम पाठक व एमपीएससीएससी ऑपरेटर शेखर श्रीवास्तव को शामिल किया गया है।

*बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम धूरी का मामला, परिजनों ने की शिकायत*

## गर्भवती महिला की हुई मौत, परिजनों ने लगाए आरोप, शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम धूरी में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। गर्भवती की मौत पर परिजनों द्वारा आशा कार्यकर्ता पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों व परिजनों का कहना है कि ग्राम धूरी में पदस्थ आशा कार्यकर्ता ऊषा सोनी बुलाने पर भी समय पर नहीं पहुंची। धूरी निवासी रानू पति रविन्द्र लोधी को 7 नवंबर को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। पति रविन्द्र लोधी द्वारा आशा कार्यकर्ता को बुलाया गया, लेकिन आशा कार्यकर्ता न ही घर गई और न ही महिला के साथ अस्पताल गई।

परिजनों का आरोप है कि आशा कार्यकर्ता का सहारा ना मिलने के कारण गर्भवती महिला रानू लोधी की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि अगर आशा कार्यकर्ता समय से पहुंच जाती तो हो सकता जच्चा- बच्चा दोनों सुरक्षित बच जाते। आशा कार्यकर्ता की लापरवाही को देख ग्रामीण एवं मृतक महिला के परिजनों ने उपस्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मे उपस्थित होकर वरिष्ठ डॉक्टर से आशा कार्य करता ऊषा सोनी के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

#### शोकाज नोटिस जारी

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बहोरीबंद स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी ने आशा कार्य करता ऊषा सोनी को तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### लापता बालिकाएं दस्तयाब

**उमरियापान।** उमरियापान पुलिस ने दो नाबालिकों को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है।थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने कि थाना क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि करीब 16 वर्ष की एक बालिका और 13 वर्षीय उसकी छोटी बहन घर से बिना बताएकही चली गई है। महिला की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने दोनों नाबालिकाओं को गुजरात राज्य के अहमदाबाद से दस्तयाब कर कार्रवाई करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी ने बताया कि 1 से 30 नवम्बर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।

### दद्दाधाम में चल रहे महोत्सव में बह रही भक्ति की बयार, गूंजे जयकारे

## जलाभिषेक अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु, अनिरूद्धाचार्य महाराज पहुंचे दद्दाधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण दद्दा धाम में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में देशभर से भक्तगण, संत, साधु एवं कथा प्रेमी शामिल हो रहे हैं। सोमवार को सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. अनिरुद्धाचार्य महाराज दद्दा धाम पहुंचे। विधायक संजय पाठक ने आगे बढ़कर अनिरुद्धाचार्य महाराज की अगवानी की और उन्हें दद्दाजी के समाधि स्थल तक ले गए, जहाँ उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित की।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को मंदिर में वैदिक रीति-विधान के साथ भव्य जलाभिषेक अनुष्ठान संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ जब पूजन प्रारंभ हुआ, तो पूरा वातावरण "हर हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। जलाभिषेक की विधि पंडित पूरनलाल शास्त्री एवं पंडित कालिका प्रसाद पांडे के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर डॉ. अनिल त्रिपाठी, डॉ. सुनील त्रिपाठी, पंडित नीरज त्रिपाठी, अभिनेता आशुतोष राणा, विधायक संजय पाठक, देवेंद्र त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म का संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया और पूज्य गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के पश्चात संगीतमय भजन-संध्या का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्ति रस की धारा बहती रही।

#### आज से कथा एवं प्रवचन

11 नवंबर की प्रातः 10 बजे प्राण प्रतिष्ठा का पावन अनुष्ठान संपन्न होगा। 11 से 13 नवंबर तक सायं 4 बजे से "अमृतमयी कथा" का आयोजन होगा, जिसमें श्री वृंदावन धाम के प्रसिद्ध कथा व्यास पं. इन्द्रेश उपाध्याय जी महाराज कथा प्रवचन देंगे। इस दौरान पं. मोहित मरन्न गोस्वामी जी, पं. पुंडरीक गोस्वामी जी (रेणुका जी) तथा पं. अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के विशेष सानिध्य का सौभाग्य भक्तों को प्राप्त होगा। भक्ति रस के सागर में डुबकी लगाने हेतु कन्हैया मित्तल, चित्र-विचित्र जी, आर.पी. रासभोर जी, पूर्णिमा दीदी सहित प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुतियाँ प्रतिदिन भक्तों को भाव-विभोर कर रही हैं।

#### श्रद्धालुओं के लिए की गई है व्यापक व्यवस्थाएं

आयोजन के दौरान भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन भंडारा एवं महाप्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक उपलब्ध है। दद्दा शिष्य मंडल, श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम समिति एवं दद्दाजी मंदिर निर्माण समिति द्वारा भक्तों की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह घटना अमराडाड़-चादन मार्ग पर गुड़ा-जमुनिया ग्राम के समीप हुई। एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल युवक को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ठुठिया ग्राम निवासी मदन सिंह (35 वर्ष) पिता दाद्दु सिंह गोंड के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मदन सिंह रविवार देर शाम अपने गांव से बड़ा गांव स्थित अपने रिश्तेदार से मिलने बाइक से जा रहे थे। हादसा गुड़ा और जमुनिया ग्राम के बीच एक सुनसान मार्ग पर हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात वाहन इतनी तेज रफ्तार में था कि उसने मदन सिंह की बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर के बाद मदन सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का पंचनामा तैयार किया। सोमवार सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

### नगर निगम, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश जारी

**कटनी।** श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण, दद्दा धाम, झिंझरी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारूद्राभिषेक एवं अमृतवाणी कथा के दौरान अत्यधिक संख्या में भक्तगणों के आगमन के दौरान सफल और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी निर्देश द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि महोत्सव अवधि के दौरान 13 नवंबर तक कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सकीय डॉक्टर मय स्टाफ एवं एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा को जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने और यातायात की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। वहीं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार को पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की व्यवस्था करने और कार्यक्रम अवधि के दौरान फायरबिग्रेड (अग्निशमन वाहन) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की बैठक 13 को

**कटनी।** आगामी 13 नवम्बर को सुबह 10:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पूर्व सैनिकों, विधवाओं, आश्रितों को आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र अपलोड करने में सहायता दी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को समय पर बैठक में पहुँचने का अनुरोध किया है।

### यातायात व्यवस्था एवं नो एंट्री में किया गया बदलाव

**कटनी।** दद्दा धाम में 13 नवंबर तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस अवधि में बिलहरी नाका से पीरबाबा बायपास तक बसों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।यातायात निरीक्षक राहुल पांडेय ने बताया कि देशभर से आ रहे संत-महात्माओं, कथावाचकों, गायकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय लिया गया है।उन्होंने बस संचालक संघ के अध्यक्ष को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया है कि—जबलपुर से कटनी आने वाली बसें पीरबाबा बायपास से गुलवारा ब्रिज होते हुए बिलहरी नाका से बस स्टैंड कटनी पहुंचें।वहीं, कटनी से जबलपुर जाने वाली बसें बस स्टैंड कटनी से बिलहरी नाका, गुलवारा ब्रिज, पीरबाबा बायपास मार्ग से होकर जाएँ। आमजन को असुविधा से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग तय किए हैं कमर्शियल वाहन (लोडर, पिकअप आदि) बिलहरी मोड़ से गुलवारा ब्रिज के रास्ते आवागमन कर सकेंगे।* जबलपुर की ओर आने-जाने वाली सभी बसें बिलहरी नाका से गुलवारा ब्रिज होते हुए अपने गंतव्य तक जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान रविवार से 13 नवंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक जेल मोड़ से बिलहरी नाका तक नो-एंट्री लागू रहेगी। इस अवधि में बिलहरी से जेल मोड़ आने-जाने वाले वाहन वैकल्पिक मार्ग सत्संग भवन से होकर बिलहरी मोड़ की ओर जा सकेंगे।

### समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी कराने की अपील

**कटनी।** समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी नहीं कराने वाले नागरिकों को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र शैलेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा समग्र से आधार ई-केवाईसी की कार्यवाही अभियान चलाकर की जा रही है। नागरिकगण जिन्होंने अभी तक अपनी समग्र आईडी की आधार के साथ ई-केवाईसी नहीं कराई है वे निगम कार्यालय अथवा जोन कार्यालयों में 30 नवंबर के पूर्व ई-केवाईसी निःशुल्क करा सकते है।

**सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, टीएल पत्रों, फार्मर रजिस्ट्री की कलेक्टर ने की समीक्षा**

# सख्त हिदायतः एसआईआर में रूचि नहीं लेने वाले बीएलओ सुपरवाइजर के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाय। राजस्व अधिकारी श्री अन्न कोदो-कुटकी के समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीकृत किसानों का सत्यापन सुनिश्चित करें। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लायें। तहसीलदार फील्ड में जाकर एसआईआर कार्य की प्रगति को देखें। कार्य में रूचि नहीं लेने वाले और लापरवाह बीएलओ सुपरवाइजर के विरूद्ध संबंधित एसडीएम कार्रवाई का प्रस्ताव भेंजे। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मदिन 15 नवंबर को विकासखंड ढीमरखेड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन सहित 12 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण के मद्देनजर भी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, टीएल पत्रों, लंबित पेंशन प्रकरणों, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने श्रम विभाग को संबल योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने ओबीसी विभाग भुगतान से संबंधित लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश स्तरीय जारी होने वाली सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग के मद्देनजर सभी विभागों को अगले एक सप्ताह में लंबित शिकायतों के निराकरण के में गति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने समाधान ऑनलाईन शिकायतों की भी समीक्षा की। सभी एसडीएम और तहसीलदारों को प्रदत्त दांडिक शक्तियों का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन, खनिज आदि से संबंधित शिकायतों को निराकृत कर बंद कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीएम किसान से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए।

#### दें कटनी विजन की जानकारी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कटनी विजन@2047 के तहत विभागों से विधानसभावार जानकारी एवं योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिये सुझाव मांगे।

#### लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा, राजस्व, जेल, श्रम, कृषि एवं पशुपालन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये।

#### समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुये नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही को धीमी प्रगति पर तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने नगर निगम, जनपद पंचायत रीठी और बड़वारा को भी ई-केवाईसी कार्य में और गति लाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार खाद्यान्न ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने जानकारी दी कि बीते सप्ताह जिले में 1 हजार 29 हितग्राहियों की ई-केवाईसी की जा चुकी है।

#### गौरव दिवस तैयारियों की समीक्षा

भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मोत्सव गौरव दिवस पर आगामी 15 नवंबर को जबलपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को एनआरएलम के सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने ढीमरखेड़ा में 15 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को हेल्थ कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए।

#### सीएम के आगमन की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने 12 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को साफ-सफाई, फायर ब्रिगेड तथा स्वास्थ्य विभाग को हेल्थ टीम एवं एंबुलेंस तैनात करने निर्देशित किया।

### अस्पताल से लापता हो गया बालक, पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** जिला अस्पताल में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब इलाज के लिए आए कुठला निवासी सतीश पटेल का 2 वर्षीय पुत्र विनायक पटेल अचानक अस्पताल परिसर से लापता हो गया। जानकारी के अनुसार सतीश पटेल अपनी पत्नी और बेटे के साथ इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। दवाई लेने के लिए वे लाइन में लगे हुए थे, इसी दौरान भीड़भाड़ के बीच उनका छोटा बेटा खेलते-खेलते अचानक कहीं गायब हो गया। जब बच्चे की मां ने बेटे को आसपास नहीं देखा तो उसने तुरंत अपने पति को जानकारी दी, जिसके बाद पूरे अस्पताल में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस स्टाफ को अस्पताल भेजा। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे अस्पताल परिसर में बच्चे की तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने बच्चे को अस्पताल के पीछे वाले निकास द्वार के पास से सकुशल बरामद कर लिया।बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली।बालक को सकुशल ढूंढ निकालने में आर. लुटेश प्रजापति, दीपक तिवारी एवं मंसूर हुसैन की अहम भूमिका रही। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

*भाजपा जिला कार्यालय में महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन*

## पार्टी की रीढ़ है महिला मोर्चा, महिला हितों के प्रति पूरी तरह सजग है सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भाजपा महिला मोर्चा कटनी द्वारा "आत्मनिर्भर भारत अभियान" के तहत जिला भाजपा कार्यालय में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र सरकार की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सम्मिलित हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता तिवारी, रवि खरे, पूर्व महापौर श्रीमती रुकमणी बर्मन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने मुख्य मंच साझा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री दीपक सोनी ने कहा कि महिला मोर्चा पार्टी की रीढ़ है, जो हर चुनाव और सामाजिक कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है और इसमें महिलाओं की भागीदारी निर्णायक है।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा महिला मोर्चा केवल सामाजिक कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में समान रूप से सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे "नारी शक्ति, आत्मनिर्भर भारत की शक्ति" के रूप में आगे आएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उज्ज्वला, जन धन, स्टैंड अप और मुद्रा योजना जैसी योजनाओं ने लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना उद्बोधन में जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने कहा कि पूरे देशभर में भाजपा द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है इसका यही उद्देश्य है की महिलाओं को अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी हो। कार्यक्रम का संचालन महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता तिवारी ने किया।

## पिच्छिका परिवर्तन समारोह का हुआ आयोजन



प.पू.समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज एवं प.पू.आचार्य समय सागर महाराज के प.प्रभावक शिष्य पदम सागर महाराज का चातुर्मास समापन के अवसर पर भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह पूरी गौरव गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ समारोह में बाहर से पधारे श्रावक – श्राविकाओं एवं स्थानीय धर्मानुरागी बन्धुओं एवं माताओं–बहनो द्वारा मंगलाचरण, श्रीफल भेंटकर मुनि श्री आशीर्वाद लिया गया पूजन के अर्घ्य पंचायत महासभा,जैन,गुरूभक्त मण्डल, युवा मण्डल, महिला मण्डल, समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं समाज जनों ने चढ़ाकर पुण्य लाभ लिया जबलपुर,मण्डी बम्होरा, अशोक नगर लखनादौन, मैहर, पहाड़ी,सागर,दमोह आदि से पधार एवं स्थानीय बन्धुओं, माताओं बहनों द्वारा भेंट किये गये। मुनिश्री की पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य रानू वैभव नीतू जैन बर्तन वालों को प्राप्त हुआ एवं नई पिच्छी देने का सौभाग्य, मुनि भक्त विनय जैन पंचायत महासभा के सहमंत्री मनीष जैन बर्तन,राजेश जैन रंजना जैन,विक्की जैन, रूही जैन को प्राप्त हुआ।

## दद्दा धाम में महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण, दद्दा धाम में आयोजित होने वाले 'प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारूद्राभिषेक एवं अमृतवाणी कथा' कार्यक्रम के दौरान अत्यधिक संख्या में भक्तगणों के आगमन की संभावना के मद्देनज़र गुरूवार 13 नवंबर तक सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है।

#### इनका होगा दायित्व

कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का संपूर्ण दायित्व एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं नगर पुलिस निरीक्षक कटनी का होगा। उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्री चतुर्वेदी सभी नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों के नोडल अधिकारी होंगे।

#### इनकी लगी ड्यूटी

जारी आदेश के अनुसार प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक डिप्टी कलेक्टर श्रीमती विंकी उईके की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि खगेश भल्लावी, प्रभारी नायब तहसीलदार, ऋषि गौतम, नायब तहसीलदार कटनी, हर्ष रामटेके, प्रभारी नायब तहसीलदार कटनी एवं संतोष श्रीवास्तव, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख इनके सहयोगी होंगे। ये सहयोगी अधिकारी मेन गेट, सम्पूर्ण पंडाल, भोजन शाखा एवं प्रसाद वितरण स्थल, मंदिर स्थल पर तैनात रहेंगे।

इसी प्रकार दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि अतुलेश सिंह, नायब तहसीलदार, आशीष कुमार चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार, प्रसन्न वर्मा, प्रभारी नायब तहसीलदार एवं विवेक मुले, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख इनके सहयोगी होंगे। ये सहयोगी अधिकारी मेन गेट, सम्पूर्ण पंडाल, भोजन शाखा एवं प्रसाद वितरण स्थल एवं मंदिर स्थल पर तैनात रहेंगे। सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें और समय-समय पर नोडल अधिकारी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट को वस्तुस्थिति से अवगत कराते रहें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

*पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है कचरा*

## वस्तुओं के उत्पादन एवं बढ़ते हुए कचरे विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी के, निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "वस्तुओं के उत्पादन चक्र और बढ़ते हुए कचरे" विषय पर लघु फिल्म के प्रदर्शन के माध्यम से वस्तु के उत्पादन चक्र और बढ़ते हुए कचरे के विषय पर विशेष व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों का सार प्रस्तुत करते हुए सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया कि उत्पादन, उपभोग और कचरे की समस्या विश्वव्यापी चुनौती बन चुकी है। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में वस्तुओं के बड़े पैमाने पर उत्पादन से एक ओर जहाँ मानव जीवन में सुविधा बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर कचरे का ढेर, प्रदूषण, पर्यावरण असंतुलन और संसाधनों के दुरुपयोग जैसी समस्याएँ अत्यंत गंभीर रूप ले चुकी हैं। इसी पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को इस विषय की गहराई से समझ और व्यवहारिक दृष्टि प्रदान करने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार कुररिया ने वस्तुओं के उत्पादन चक्र (प्रोडक्शन सायकल) की वैज्ञानिक एवं आर्थिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि कच्चे माल से वस्तुओं के निर्माण, वितरण और अंततः उपभोग के बाद उत्पन्न कचरा—पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बन रहा है। उन्होंने समझाया कि यदि उत्पादन प्रक्रिया में रीयूज़, रीसायकल और पुनरुत्पादक तकनीकों को अपनाया जाए, तो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव है और कचरे को भी कम किया जा सकता है।

वहीं डॉ. रामसहोदर साकेत ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण लोग अधिक से अधिक वस्तुओं की खरीद करते हैं और पुरानी वस्तुओं को तुरंत त्याग देते हैं। यह आदत एकल-उपयोग वस्तुओं के अधिक प्रयोग और प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण हितैषी आदतें, जिम्मेदार उपभोग और "स्वच्छ पृथ्वी–स्वस्थ जीवन" की अवधारणा अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**पुराने औजारों से करते है पीएम, अधिकारी नही दे रहे कोई ध्यान**

## पोस्टमार्टम करने नही है जरूरी उपकरण, कक्ष बदहाली का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



एक छोटा सा कमरा है उसमें से आ रही ऐसी बदबू जो कदम पीछे खींचने पर मजबूर कर देती है। फर्श की सफाई भी यहाँ बस पानी से ही कि जाती है। कहने के लिए तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस है,लेकिन यहाँ मूलभूत सुविधाएं नही है।पोस्टमार्टम हाउस में कई उपकरण भी उपलब्ध नही है। ग्रामीण क्षेत्रों के पीएचसी और सीएचसी में चंद ओजारो से ही शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इससे मौत के सही कारणों का ठीक तरह से पता नही चल पाता है।

पीएम करने वाले चिकित्सक व अन्य कर्मी इसे दबी जुबान स्वीकार भी करते है लेकिन खुल कर कोई भी सामने आने के लिए तैयार नही है। पीएचसी व सीएचसी स्वास्थ्य केंद्रों मैं आये दिन शवो का पोस्टमार्टम किया जाता है,लेकिन पोस्टमार्टम किट कॉफी कम है।

सूत्रों की माने तो सिर फोड़ने के लिए हैमर, बॉडी को चीरने के लिए नाइफ, फोरसिब सीजर आदि उपकरण ही है,जो अब कॉफी पुराने हो चुके है।बाड़ी को सुरक्षित रखने के लिए पॉलीथिन बैग भी नही है।जिस कारण नमी से शव जल्द ही दुर्गंध मारने लगते है।कभी कभी शवो की संख्या अधिक होने पर संमस्या बढ़ जाती है।

सीएचसी ,पीएचसी में पीएम के दौरान तय मानकों को ताक पर रख दिया जाता है।अलग-अलग तरीक़े से हुई मौत के लिए अलग-अलग ओजारो से पोस्टमार्टम किया जाना चाहिए जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके लेकिन पीएम हाउस में कारण जानने के लिए जिन उपकरणों की जरूरत पड़ती है वह काफी कम है।

#### ये उपकरण है जरूरी

फिंगरप्रिंट इंक, ट्यूब इंक, रोलर,रिमूवल, वाटलेस, क्लीनर कोगनेक, बॉटल इंक क्लीनर, ग्लास इंक, स्लैब सिलमार्क,ग्रे कास्टिंग मैटेरियल ट्यूब, प्लास्टिक बोतल, हाइड्रोजन प्रोक्स इड, फोरसिप पॉइंटेड, राउंडेड नेलफाइल, विद प्वाइंट, स्केपल हैंडल, स्केपल ब्लड, थिक रबर ग्लब्स, डिस्पोजल पॉलीथिन ग्लब्स, पालीथिन बैग,प् लास्टिक टेस्ट ट्यूब व प्लास्टिक स्टापर्स ब्रश फॉर हाइड्रोजन प्रोकसाइड, पोस्टमार्टम स्पून, क्रोमड सेट ऑफ श्री फिंगर सहित अन्य उपकरण चीर घर मे रहना विशेष जरूरी है।

#### ये होनी चाहिए व्यवस्था

अलग-अलग साइज का पोस्टमार्टम टेबिल-सूरज की रोशनी की तरह पर्याप्त बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था-बिसरा प्रीजर्व करने का मटेरियल-लैम्प की व्यवस्था होना चाहिए। पोस्टमार्टम हाउस वातानुकूलित होना चाहिए।

#### इनका कहना है

इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी स्लीमनाबाद डॉ शिवम दुबे का कहना है कि पोस्टमार्टम हाउस स्लीमनाबाद में अव्यवस्था के संबंध मे जानकारी विभागीय अधिकारियों को पत्राचार कर दे दी गई।जो उपकरण है उन्ही से पीएम किया जा रहा है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सहयोग हेतु सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य नगर निगम कटनी क्षेत्र में चरणबद्ध रूप से जारी है। इस अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 93 मुड़वारा के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संबंधित जानकारी का सत्यापन कर रहे हैं तथा नवीन पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाने और त्रुटियों के संशोधन का कार्य किया जा रहा है।

इस संबंध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने एक आदेश जारी करते हुए निगम में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वसूली कर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने नियमित कार्यो के साथ-साथ अपने-अपने वार्डों में कार्यरत बीएलओ को निर्वाचन सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

निगम प्रशासन द्वारा आयोग की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निर्धारित समय-सीमा में सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो जाएं और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए।

#### समय पर पूर्ण करें कार्य

निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे टीम भावना से कार्य करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के इस महत्वपूर्ण कार्य को समय पर पूर्ण करें।

